देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 06.06.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- शिक्षामंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने कार्यालयों और विभागों में संबद्ध सभी शिक्षक–कर्मियों की संबद्धता समाप्त करने के निर्देश दिए।
- शासन ने पुलिस विभाग में फेदबदल करते हुए नौ पुलिस महानिरीक्षक समेत कुल 13 आई पी एस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया।
- भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 13 जून को होने वाले पासिंग आउट परेड के लिए देहरादून पुलिस ने विशेष यातायात डायवर्जन प्लान जारी किया।
- उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारी के 196 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की।

शिक्षा विभाग के अधीन

शिक्षामंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधीन विद्यालयों, कार्यालयों और विभागों में संबद्ध सभी शिक्षक–कर्मियों को वापस अपने विद्यालयों में भेजा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को 30 जून तक सभी प्रकार की संबद्धता समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दूसरे कार्यालयों में तैनात शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के संबद्धीकरण आदेश भी निरस्त करने के निर्देश दिये। श्री रावत ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को शिक्षकों की संबद्धता तत्काल समाप्त कर उन्हें विद्यालयों में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 जून तक जो शिक्षक अपने मूल तैनाती स्थल पर नहीं लौटेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर रावत ने कहा कि अधिकांश संबद्धता केवल एक शैक्षणिक सत्र के लिए थी , लेकिन कई शिक्षक एवं कर्मचारी वर्षों से अपने मूल विद्यालयों से दूर कार्यरत हैं, इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षामंत्री ने अधिकारियों को शिक्षणेत्तर कार्मिकों के सभी संबद्धीकरण आदेश भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए।

विश्व पर्यावरण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न स्थान पर वन विभाग और 130 इको टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत जिले के एक निजी स्कूल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की सतत जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से अधिक पौधारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण कम करने में सक्रिय

भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर हरित और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैलियां निकालीं और स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में जैव विविधता, वन एवं जल संरक्षण और सतत विकास पर भी जानकारी दी गई।

वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर नैनीताल प्राणी उद्यान में पौधरोपण, भाषण एवं नृत्य नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अग्निकांड

हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित एक कंपनी के स्टोर में भीषण आग लगने से स्टोर में मौजूद दो कर्मचारियों की जलकर मृत्यु हो गई। देर रात तक मौके पर दमकल और पुलिस फोर्स तैनात रही। जानकारी के अनुसार कल देर रात करीब साढ़े 11 बजे स्टोर में आग लग गई। इसके बाद पास ही सटे एक अन्य स्टोर के कर्मचारियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर दमकल के साथ ही एसपी सिटी दल–बल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाई।

मानसून सीजन

आगामी मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए संचालित प्रत्येक हेली कंपनी द्वारा यूकाडा को 10–10 घंटे के निःशुल्क फ्लाइंग ऑवर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका उपयोग आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों में किया जा रहा है। वर्तमान में चारधाम यात्रा में संचालित आठ हेली कंपनियों द्वारा कुल 80 घंटे के निःशुल्क फ्लाइंग ऑवर उपलब्ध कराए गए हैं। इन घंटों का उपयोग मेडिकल इमरजेंसी, एयर रेस्क्यू तथा दुर्गम क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।

पुलिस विभाग में फेदबदल

शासन ने पुलिस विभाग में फेदबदल करते हुए नौ पुलिस महानिरीक्षक समेत कुल 13 आई पी एस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है, जबकि पांच पी पी एस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आईपीएस निवेदिता कुकरेती को कुमाऊं रेंज का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है । आईपीएस जितेंद्र चौधरी को देहरादून का यातायात पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं कुमाऊं की आईजी रिद्धि अग्रवाल

को आईजी कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। आईजी विम्मी को पुलिस दूर संचार व फायर सर्विस का प्रभार दिया गया है। आईजी कृष्ण कुमार वीके आईजी यातायात व जीआरपी बनाया गया है। वही पुलिस महा निरीक्षक अनंत शंकर ताकवाले को आईजी प्रशिक्षण के साथ–साथ आईजी सीआईडी बनाया गया है।

यातायात प्लान जारी

भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में 13 जून को आयोजित होने वाली पासिंग आउट परेड को देखते हुए देहरादून पुलिस ने छह, नौ और 11 जून के लिए विशेष यातायात डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। परेड के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कुछ मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। एसपी ट्रैफिक के अनुसार छह जून और नौ जून को सुबह पांच बजे से 10 बजे तक और 11 जून को सुबह पांच बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक तक डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि परेड के दौरान आईएमए क्षेत्र को जीरो जोन घोषित किया गया है। किसी भी प्रकार के सामान्य यातायात को आईएमए की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। बल्लूपुर से प्रेमनगर जाने वाले वाहनों को रांघड़वाला तिराहे से मिठ्ठी बेरी मार्ग होते हुए भेजा जाएगा। वहीं प्रेमनगर से शहर की ओर आने वाले वाहनों को दरू चौक, मिठ्ठी बेरी और शिमला बाईपास के रास्ते निरंजनपुर मंडी होते हुए शहर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। सेलाकुई और भाऊवाला क्षेत्र से आने वाले सभी भारी वाहनों को धूलकोट तिराहे से सिंघनीवाला और नया गांव मार्ग के जरिये शहर की ओर भेजा जाएगा। इसके अलावा देहरादून से विकासनगर जाने वाले भारी वाहनों को शिमला बाईपास से डायवर्ट कर धर्मावाला मार्ग की ओर रवाना किया जाएगा।

बारिश का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग ने उत्तराखंड में तीन दिन के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग देहरादून के मुताबिक, 7 जून तक प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में आकाशीय बिजली और तेज़ हवाओं के साथ तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

भर्ती प्रक्रिया

उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारी के 196 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पदों के लिए 12 जून से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। बोर्ड की ओर से जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुसार नर्सिंग अधिकारी के कुल 196 पदों में अनुसूचित जाति के 21, अनुसूचित

जनजाति के चार, अन्य पिछड़ा वर्ग के 11, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सात और सामान्य वर्ग के 153 पदों पर भर्ती होगी। सेवा चयन बोर्ड स्वास्थ्य विभाग ने आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दो जुलाई निर्धारित की गई है।

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सोलर प्रोजेक्ट, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष एमएल प्रसाद की पीठ ने बाजार के उतार–चढ़ाव और हितधारकों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला सुनाया है। अब वित्तीय वर्ष 2026–27 में भी पिछले वर्ष की दर यानी 4 रूप्ये 10 पैसे प्रति यूनिट का लाभ मिलता रहेगा। वहीं, आयोग ने कहा कि एमएसएमई नीति के तहत मिलने वाली सब्सिडी को सोलर टैरिफ से नहीं घटाया जाएगा। यह लाभ सीधे तौर पर प्रोजेक्ट लगाने वाले युवाओं और उद्यमियों को ही मिलेगा।